बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल

क्रमांक 54 /रासेयो/2018/ भोपाल, दिनांक 11/07/2018

प्रति,

विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त समस्त महाविद्यालय प्राचार्य,
एवं विभागाध्यक्ष समस्त शैक्षणिक विभाग
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

विषयः— "स्वच्छ भारत ग्रीष्मकालीन इंर्टनशिप कार्यक्रम 2018" में विद्यार्थियों के पंजीयन सम्बंधी

संदर्भ :— मानव संसाधन विकास मंत्रालय उच्च शिक्षा विभाग भारत सरकार का अर्द्धशासकीय पत्र क्र. 11014/02/2018 दि. 20 अप्रैल 2018 एवं इस कार्यालय का पत्र क्र. 15/2018 भोपाल दि. 05/05/2018

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के अनुपालन में अवगत कराया गया था कि भारत सरकार पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय द्वारा मानव संसाधन विकास मंत्रालय नई दिल्ली के सहयोग से स्वच्छ भारत ग्रीष्मकालीन इंर्टनशिप कार्यक्रम" का शुभारम्भ किया गया है जिसमें विद्यार्थियों को अपना पंजीयन http://sbsi.mygov.in पर सीधे ही करना था । यह इंर्टनशिप कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को 100 घंटे स्वच्छता से सम्बंधित कार्य एवं मार्गदर्शन करना था । पंजीयन की तिथि समय समय पर बढ़ाई गई । अब इसकी अंतिम तिथि 15 जुलाई 2018 है ।

विद्यार्थी को एक ग्राम का चयन करना होगा जिसमें वह जागरूकता सम्बंधी गतिविधियां करेगा जिनमें सैनिटेशन, स्वास्थ्य व स्वच्छता जागरूकता हेतु हाथ धुलाई, नुक्कड़ नाटक, रैली, घर – घर जाकर व्यक्तिगत जन सम्पर्क, स्वच्छता निगरानी समिति का गठन स्थानीय आवश्यकतानुसार अन्य कार्य करना हैं ।

इस इंटर्नशिप कार्यक्रम का उद्देश्य शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, जिसमें विद्यार्थी सहभागिता, मार्गदर्शन व सहयोग से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं ।

सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को " स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप 2018 " का एक प्रमाण पत्र प्राप्त होगा । साथ ही स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा हेतु महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार का प्रावधान किया गया है ।

अतः आप सभी से निवेदन किया गया था कि अपने महाविद्यालय/शैक्षणिक विभाग में नें इस कार्य हेतु एक नॉडल आफिसर को नियुक्त कर उनका मोबाइल नं. व ई मेल आई डी वेबसाइट के पोर्टल पर रजिस्टर्ड करवा दें तथा इसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी को भी दें । यदि अभी पंजीयन न हुआ हो तो 15 जुलाई 2018 तक विद्यार्थियों का पंजीयन उक्त पोर्टल पर कराने हेतु उचित प्रयास करने का कष्ट करें । यह कार्य महत्वपूर्ण है अतः प्राथमिकता दें । यदि कुछ समस्या हो तो डा. अनन्त कुमार सक्सेना 9826329683 कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्पर्क किया जा सकता है ।

कृपया: नाडल आफिसर व पंजीयत विद्यार्थियों की संख्या से अवगत कराने का कष्ट करें ।

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल
भोपाल, दिनांक

पृ. क्रमांक 55/ रासेयो/2018

प्रतिलिपि
1. निज सचिव के माध्यम से कुलपति जी को सूचनार्थ ।
2. आई टी सेल को वेब साइट पर पर प्रकाशनार्थ

कार्यक्रम समन्वयक रासेयो
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल